झारखण्ड लोक सेवा आयोग
सर्कुलर रोड, रांची–834001

प्रेस विज्ञप्ति

झारखण्ड न्यायिक सेवा अन्तर्गत सिविल जज (जूनियर डिवीजन) मुख्य प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या–12/2018) के संबंध में सूचना।

दिनांक–29.07.2019 को प्रकाशित प्रेस विज्ञप्ति के क्रम में झारखण्ड न्यायिक सेवा अन्तर्गत सिविल जज (जूनियर डिवीजन) प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा (विज्ञापन संख्या–12/2018) में सफल घोषित अभ्यर्थियों को प्रारंभिक परीक्षा प्रकाशित विज्ञापन में दिये गये निदेश की कंडिका–19(S) के अनुसार ऑनलाईन आवेदन की मुद्रित प्रति डाउनलोड कर स्वहस्ताक्षरित प्रति के साथ सभी वांछित प्रमाण पत्रों की हार्ड कॉपी की छायाप्रति आयोग कार्यालय में निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजे जाने की अंतिम तिथि–20.08.2019 तक निर्धारित थी। आयोग द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में वैसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा पूर्व निर्धारित अंतिम तिथि तक हार्ड कॉपी जमा नहीं किया गया है इसके लिए उन्हें एक अवसर देते हुए आयोग के वेबसाईट पर लिंक दिनांक–29.08.2019 से दिनांक–31.08.2019 तक उपलब्ध रहेगा जिससे अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन की मुद्रित प्रति डाउनलोड कर सकते हैं। उक्त परीक्षा से संबंधित हार्ड कॉपी **"परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड, राँची–834001"** के पते पर स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से एवं आयोग कार्यालय में हाथों–हाथ भी जमा कर सकते हैं जिसकी **अंतिम तिथि–03.09.2019 को संध्या–5:00 बजे तक** विस्तारित करते हुए निर्धारित की जाती है।

2. लिफाफे के उपर **विज्ञापन संख्या, परीक्षा का नाम, अनुक्रमांक तथा पंजीयन संख्या** मोटे (Bold) अक्षरों में अंकित किया जाना अनिवार्य है।

3. दिनांक–29.07.2019 को प्रकाशित प्रेस विज्ञप्ति की शेष शर्त्तें यथावत रहेंगी।

4. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर अपलोड रहेगा।

ह0/–
परीक्षा नियंत्रक
झारखण्ड लोक सेवा आयोग,राँची।